RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 24 • 07:02:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-




## चुनाव आयोग का फैसला
## अजित पवार गुट ही असली एनसीपी

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सुप्रीमो शरद पवार को चुनाव आयोग से बड़ा झटका लगा है। आयोग ने अजित पवार की अगुवाई वाले गुट को असली एनसीपी करार दिया है। चुनाव आयोग ने सुनवाई के बाद अपना फैसला रिजर्व कर लिया था। आयोग ने अपने फैसले में अजित पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और सिंबल दे दिया है। एनसीपी में टूट के बाद अजित पवार ने चुनाव आयोग में दावा ठोंका था। इसके बाद आयोग में सुनवाई हुई थी। आयोग के फैसले के बाद अजित पवार का खेमा ही असली एनसीपी होगा। आयोग का फैसला ऐसे वक्त पर आया है जब महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को 15 फरवरी तक एनसीपी विधायकों की अयोग्यता को लेकर अपना फैसला सुनाना है।



**अजित को मिली पार्टी और घड़ी**-चुनाव आयोग के फैसले के बाद अब अजित पवार पार्टी के साथ उसके चुनाव-चिन्ह का इस्तेमाल कर सकेंगे। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि अजित गुट को तमाम सबूतों के आधार पर असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी माना गया है। पिछले साल 2 जुलाई को अजित पवार 40 विधायकों के साथ बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) की अगुवाई वाली सरकार में शामिल हो गए थे।

## सावधान ! मौसम बेईमान, अभी और बरसेंगे बदरा
### तेज हवाएं चलने का भी अनुमान, अगले 5 दिन बारिश के आसार

नई दिल्ली (एजेंसी)। ठंड से कुछ राहत मिली तो बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ठंडी हवाएं फिर से लोगों की कंपकंपी छुड़ाने लगी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सब-हिमालय पश्चिम बंगाल और आसपास के इलाकों में नया विक्षोभ पैदा हो रहा है। इसके चलते बारिश से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। वेदर बुलेटिन के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में बदरा बरसने वाले हैं। 6 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक इन इलाकों में हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। बारिश होने से ठंड का असर बढ़ सकता है और लोगों को आवाजाही में भी परेशानी उठानी होगी। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड



को लेकर मौसम विभाग का कहना है कि यहां लोगों को तूफान का सामना भी करना पड़ सकता है। विभाग की ओर से लोगों को तेज हवा के झोकों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। रिपोर्ट की मानें तो 11 फरवरी तक अभी बारिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। 9 फरवरी से लेकर 11 फरवरी के दौरान उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत में मौसम बिगड़ने के आसार हैं। यहां अलग-अलग जगहों पर हल्की बारिश का अनुमान है। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 15-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## जम्मू-कश्मीर का बजट देख हिल जाएगा पाकिस्तान
### आईएमएफ से मिली खैरात से भी है कई गुना ज्यादा



श्रीनगर (एजेंसी)। भारत सरकार ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मिली खैरात से कई गुना ज्यादा जम्मू और कश्मीर का बजट पेश किया है। आर्थिक संकट से जूझ रहा पाकिस्तान पिछले काफी समय से आईएमएफ से 3 बिलियन डॉलर की मदद मांग रहा है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का 1.18 लाख करोड़ रुपए (करीब 14 बिलियन डॉलर) का अंतरिम बजट पेश किया। जम्मू-कश्मीर के लिए प्रस्तावित अंतरिम बजट आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता से कई गुना ज्यादा है।

# लाशें, चीथड़े और आग ही आग...

## 'परमाणु बम' जैसे धमाके से दहल उठा एमपी का हरदा

● पटाखा फैक्ट्री में हुआ भीषण ब्लास्ट, 11 लोगों की मौत ● कटकर दूर जा गिरे हाथ-पैर, 7 जिलों से फायर ब्रिगेड पहुंची





हरदा (एजेंसी)। लाशों के चीथड़े, चीख पुकार और बचकर भागने की हर मुमकिन कोशिश...। मध्य प्रदेश के हरदा का फिलहाल यही हाल है। एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगी आग ने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि धूं-धूं कर आसपास के मकान तक जलने लगे। अब तक फैक्ट्री के पास स्थित 60 से ज्यादा घर चपेट में आ चुके हैं 11 मौतें हो चुकी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि धमाका इतना भीषण था कि परमाणु बम फटने जैसी स्थिति लगी। मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स में हादसे में 11 लोगों की मौत बताई जा रही है। संभागायुक्त ने 9 लोगों के मौत की पुष्टि की है। रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना की मदद ली जा रही है। लोगों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया जा रहा है। जिला अस्पताल प्रबंधन के अनुसार 200 से ज्यादा घायल अस्पताल लाए गए हैं।

इनमें 132 पुरुष और 98 महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम में भी रेफर किया गया है। पटाखों की यह फैक्ट्री हरदा शहर में ही मगरधा रोड पर बैरागढ़ गांव में है। धमाका मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। धमाके की चपेट में आने से कई राहगीर वाहन समेत दूर उछल गए। धमाका इतना तेज था कि पूरे शहर में इसकी आवाज सुनाई दी। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से देखा जा सकता है। करीब एक घंटे तक धमाके होते रहे। जानकारी मिली है कि फैक्ट्री के आसपास बने घरों में बारूद रखा था। धमाके के बाद 60 घरों में आग लग गई।

### एनडीआरएफऔर एसडीआरएफ को बुलाया

मौके पर पहुंचे 50 से ज्यादा दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। फैक्ट्री के अंदर कई लोगों के फंस होने की आशंका है। जिन्हें निकालने की कोशिशें जारी हैं। धमाके की वजह से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। आसपास के लोग दहशत में हैं। प्रशासन ने एहतियातन 100 से ज्यादा घर खाली करवा दिए हैं। वहीं 60 घरों को धमाके की वजह से नुकसान पहुंचा है। हरदा के कलेक्टर ऋषि गर्ग ने कहा, हरदा में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई। विस्फोट में कई लोग घायल हो गए, बचाव अभियान जारी है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को भी बुलाया गया है।

### सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान

सीएण ने कहा, घायलों का मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाएगा। पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। मैंने इस घटना की जांच के आदेश भी दे दिए हैं और गृह सचिव इस पर रिपोर्ट सौंपेंगे। अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 60 से ज्यादा घायल हो गए हैं। प्रशासन आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहा है जो अब हरदा जिले के बैरागढ़ इलाके में आसपास के 60 से अधिक घरों में फैल गई है। प्रशासन ने एहतियातन 100 से ज्यादा घरों को खाली करा लिया है। फैक्ट्री में लगातार धमाके हो रहे हैं। प्रशासन की मदद करने की कोशिश कर रहे एक स्थानीय निवासी धीरेंद्र सैनी ने कहा, फिलहाल, घटनास्थल से छह शव बरामद किए गए हैं और घायलों को अस्पताल भेजा गया है। वहीं हरदा के एसपी संजीव कंचन ने बताया, मंगलवार सुबह फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ।



## आज उनका वक्त है, हमारा दौर आएगा...
### भड़काऊ तकरीर पर मुश्किल में मौलाना सलमान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के जूनागढ़ में भड़काऊ भाषण देने पर घिरे मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जूनागढ़ में भड़काऊ भाषण के बाद कच्छ जिले में उकसावे वाला भाषण देने पर एक नई एफआईआर दर्ज की है। मुंबई में रहने वाले मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी ने जूनागढ़ से पहले राज्य के कच्छ जिले और अरवल्ली जिले के मोडासा में भी कार्यक्रम किए थे। सलमान अजहरी को मुंबई से दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर गुजरात एटीएस गुजरात लाई थी। इसके बाद गुजरात एटीएस ने मौलाना को जूनागढ़ पुलिस को सौंपा था।



## अगर नेता कानून का पालन नहीं करेंगे तो जनता भी ऐसा करेगी
### हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती, कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया पर लगाया जुर्माना



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य कांग्रेस नेताओं पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने यह कहा कि लोगों का प्रतिनिधि होने के कारण सड़क अवरुद्ध करने का कार्य स्वीकार नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने जिस मामले में सख्त रुख अपनाया। वह अप्रैल, 2022 से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने तमाम नेताओं को अगली सुनवाई पर पेश होने को भी कहा है। पीठ ने कांग्रेस नेताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि शहरी जीवन एक यातना है, विरोध प्रदर्शनों ने शहरों में स्थिति को और खराब कर दिया है। इसी कारण से सड़कों को जाम करने का कार्य मंजूर नहीं हो सकता है।

## गोवा में सी-सर्वाइवल सेंटर, इंडिया एनर्जी वीक का पीएम ने किया उद्घाटन

● मोदी बोले-भारत एनर्जी का तीसरा सबसे बड़ा कंज्यूमर, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 10,000 करोड़ खर्च करेंगे

पणजी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 6 फरवरी को गोवा दौरे पर थे। यहां सबसे पहले उन्होंने ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन के सी सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन किया। इसमें समुद्री रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें हर साल 10 से 15 हजार लोगों को ट्रेंड किया जाएगा। इसके बाद पीएम ने इंडिया एनर्जी वीक 2024 का उद्घाटन किया। ये कार्यक्रम 9 फरवरी तक चलेगा।



मोदी विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां 1330 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने 1930 नई सरकारी भर्तियों का अपॉइंटमेंट लेटर भी सौंपा। मोदी ने कहा- जिस वक्त इंडिया एनर्जी वीक का आयोजन हो रहा है, वो बहुत महत्वपूर्ण है। इस वित्तीय वर्ष के पहले 6 महीने में भारत की जीडीपी दर एक बार फिर 7.5 फीसदी तक बढ़ी। ये अनुमानित ग्लोबल ग्रोथ रेट से ज्यादा है। दुनिया में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है।

### भारतीय सेना के जवानों को अब लगेंगे 'पंख'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की रक्षा चुनौतियों एवं भविष्य के युद्धों में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) जवानों के लिए जेटपैक सूट तैयार करने जा रहा है। इन्हें पहनकर जवान उड़कर भी आपरेशन को अंजाम दे सकेंगे। अभी तक ब्रिटेन की एक कंपनी को ही इस प्रकार के जेटपैक सूट बनाने में महारत हासिल है और तमाम देश उसी से इनकी खरीद कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय से जुड़े एक दस्तावेज के अनुसार डीआरडीओ ने जेटपैक सूट बनाने की संभावनाओं को लेकर एक अध्ययन शुरू किया है। इसके तहत सबसे पहले इसका एक प्रोटोटाइप बनाया जा रहा है।

## पेपर लीक-चीटिंग पर 10 साल जेल, 1 करोड़ रुपए जुर्माना
### पब्लिक एग्जामिनेशन बिल लोकसभा से पास, अब राज्यसभा में भेजा जाएगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल करने पर आरोपियों को 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार (6 फरवरी) को इन पर रोक लगाने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत साधनों की रोकथाम) बिल पास कर दिया गया। अब इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा। यह बिल कानून बनाता है तो पुलिस बिना किसी वारंट के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। आरोपी को जमानत नहीं मिलेगी और इन अपराधों को समझौते से नहीं सुलझाया जा सकेगा। इसके पहले संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों (नगर निगम और पंचायत) में आरक्षण पर चर्चा से शुरू हुई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार 5 फरवरी को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर लोकल बॉडीज लॉज (अमेंडमेंट) बिल 2024 पेश किया था। इधर, राज्यसभा में कंसीडरेशन द कॉन्स्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड ट्राइब्स) ऑर्डर (अमेंडमेंट) बिल 2024 और कॉन्स्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स) ऑर्डर्स (अमेंडमेंट) बिल 2024 पर चर्चा शुरू हुई। वहीं, लोकसभा में एक सवाल के जवाब में नित्यानंद राय ने बताया कि हमारी सरकार लगातार महिलाओं को प्रोत्साहन दे रही है। सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस और असम राइफल्स में 41 हजार 606 महिला जवान तैनात है।

उत्तराखंड यूसीसी

## लिव-इन में रहना है तो अब कराना होगा रजिस्ट्रेशन

● वरना होगी 6 महीने की जेल, बिल में हैं सख्त प्रावधान



देहरादून (एजेंसी)। अगर आप उत्तराखंड में रहते हैं और लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं या ऐसी रिलेशनशिप में रहने की सोच रहे हैं तो आपको संबंधित जिले में अधिकारियों के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो छह महीने तक जेल की हवा खानी पड़ सकती है। उत्तराखंड विधानसभा में आज पेश किए गए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल में इसका प्रावधान किया गया है। ड्राफ्ट बिल के प्रावधानों के मुताबिक, अगर यह बिल कानून बन जाता है तब प्रदेश में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों या लिव-इन में रहने की तैयारी करने वालों को इसका रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बिल में यह भी कहा गया है कि अगर ऐसे जोड़ों की उम्र 21 साल से कम है तो उन्हें अपने-अपने माता-पिता से इसकी अनुमति या सहमति लेनी होगी। बिल में यह भी कहा गया है कि अगर आप उत्तराखंड के निवासी नहीं हैं लेकिन उत्तराखंड में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं तो उन्हें भी अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया से गुजरना होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस विधेयक को पेश किया।

संक्षिप्त समाचार

## सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए जिला वॉलीबॉल टीम घोषित

**भागलपुर , एजेंसी।** भागलपुर जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से एकदिवसीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में किया गया। चयनित भागलपुर जिला सीनियर वॉलीबॉल टीम, मकंदपुर में 25-28 फरवरी तक आयोजित होने वाली सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। चयनित खिलाड़ियों की घोषणा, भागलपुर जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव अजय राय ने किया। चयन प्रतियोगिता में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयनकर्ता के रूप में एनआईएस कोच कुमार हीरा, अश्वनी राय, राष्ट्रीय निर्णायक संदीप कुमार थे। चयन प्रतियोगिता में संयोजक जिला उपाध्यक्ष निखिल कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश झा, पियूष कुमार, सर्वेश कुमार, राजा कुमार उपस्थित थे। यह जानकारी जिला वॉलीबॉल संघ के संयोजक सह कोचिंग सचिव नील कमल राय ने दी। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं। कुणाल भारती, हर्षवर्धन, सुशांत, मुकुंद माधव, हिम्मत कुमार, चंदन कुमार, मयंक, प्रशांत, विशाल, दीपक कुमार कुमार, कृष्ण, अंकुर कुमार आदि उपस्थित थे।

## बेलखोरिया: उर्दू प्राथमिक विद्यालय राजपुर में अभिभावकों ने जड़ा ताला



**भागलपुर/नाथनगर , एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के बेलखोरिया पंचायत के राजपुर गांव स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय में तकरीबन 45 दिनों से न तो स्कूल प्रधान की सीट पर कोई आया है और न ही विद्यालय में पठन-पाठन सही तरीके से हो रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी डेढ़ माह से मिड डे मिल नहीं दिया जा रहा है। इस बदहाली को देखते हुए सोमवार को छात्र समेत बच्चों के अभिभावक आक्रोशित हो गए और विद्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इतना ही नहीं अभिभावकों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और सुविधा बहाल करने की मांग करने लगे। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को बुलाने की मांग पर डटे रहे। ग्रामीण शहादत हुसैन ने बताया कि विद्यालय में लगभग 45 दिनों से स्कूल में पठन-पाठन ठप है। जो भी शिक्षिका स्कूल आती है, वह अनुशासनहीनता का परिचय देती हैं। ग्रामीणों की मानें तो शिक्षिकाएं ज्यादातर अपने मोबाइल में समय देकर गेमिंग में व्यस्त रहती हैं। इस समस्या से ग्रामीणों ने पहले ही डीईओ और बीईओ को जानकारी दी थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि बीडीओ नाथनगर को कई बार इसकी सूचना देने के लिए फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। विद्यालय के सचिव मो. असफाक आलम ने बताया कि विद्यालय के प्रधान को सेवानिवृत्त होने से 45 दिन बीत चुके है लेकिन अबतक किसी को प्रभार नहीं दिया गया है। विद्यालय में 125 विद्यार्थी नामांकित है। सभी का पठन-पाठन ठप है।

## रेलवे की वैकेंसी के बाद सक्रिय हुई रेलवे की सेंट्रल इंटेलिजेंस

**भागलपुर , एजेंसी।** रेलवे में नौकरी के लिए वैकेंसी निकलने के बाद रेलवे की सेंट्रल इंटेलिजेंस टीम सक्रिय हो गई है। इंटेलिजेंस के लोग नौकरी दिलाने वाले गिरोह के सदस्यों की पहचान कर उनकी गतिविधि की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, आशंका है कि बड़ी संख्या में रेलवे की तैयारी करने वाले विद्यार्थी फार्म भरेंगे। नौकरी दिलाने वाले गिरोह अभ्यर्थियों को परीक्षा में पास कराने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठने का प्रयास करेंगे। ऐसे गिरोह के सदस्य किसी अभ्यर्थी को अपने चंगुल में ना ले सकें, इसका प्रयास रेलवे कर रहा है। इसके लिए रेलवे द्वारा अपने अन्य कार्यालय को भी अलर्ट किया गया है। रेलवे में नौकरी दिलाने के लिए बड़ा गिरोह काम करता है। ईस्टर्न रेलवे जोन के डिवीजनों में कई बार गिरोह के सदस्य भी पकड़े गए हैं। उनके पास ज्वाइनिंग लेटर तक बरामद हुआ था। उन लोगों ने नौकरी की वैकेंसी निकलने से पूर्व ही कई अभ्यर्थियों को झांसा देकर नौकरी दिलाने का दिलासा दिया था। यही नहीं उन लोगों से मोटी रकम भी ऐंठी थी। आरपीएफ के सहयोग से गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया था। उन लोगों ने कई चौंकाने वाली जानकारी दी थी। रेलवे द्वारा अभ्यर्थियों को सतर्क रहने का भी निर्देश दिया गया है।

उनसे अपील की गयी है कि वे किसी भी ऐसे लोगों के झांसे में आकर रुपये ना दें। यदि कोई परीक्षा पास कराने या नौकरी दिलाने का झांसा दे रहा है तो इसकी सूचना आरपीएफ व अन्य रेलवे ऑफिशियल को दें। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# फरवरी में जून जैसे हालात! बिहार की 24 से ज्यादा नदियों में पानी नहीं





**पटना, एजेंसी।** बिहार में माघ में ही नदी- तालाब सूखने लगे हैं। दो दर्जन से अधिक नदियां तो सूख भी गई हैं। गंगा में भी पानी कम हो गया है। ऐसी स्थिति अमूमन मई-जून में होती है, लेकिन गर्मी से पहले ही नदी, तालाब का सूखना चिंता की बात है। 24 से अधिक नदियों में पानी नहीं है। 18 नदियों में पानी ठहर गया है। कुछ प्रमुख नदियां में जहां पानी है, वहां मात्रा कम हो गई है। बेगूसराय सहित कई जिलों में तो चापाकल अभी से जवाब देने लगे हैं। अगर यही हाल रहा तो गर्मी शुरू होते ही पानी के लिए हाहाकार मचना तय है। कई जिलों में भू-जलस्तर में भी कमी आई है। गोपालगंज जिले की छोटी-छोटी नदियों में पानी कम होने लगा है। बरौली प्रखंड की धमई नदी सूख गई है। दाहा नदी में पानी का बहाव रुक गया है। पंचदेवरी प्रखंड की झरही नदी भी जगह-जगह सूखने के कगार पर है। कटेया की सोन सोता नदी में भी पानी नहीं है। फिलहाल गंडक नदी का जलस्तर सामान्य से करीब एक फुट कम है। कई जगहों पर इसकी धारा क्षीण हो रही है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता सचिन कुमार ने बताया कि पिछले मानसून में औसत से साठ फीसदी कम बारिश होने से जिले में बहने वाली नदियां सूख रही हैं। आने वाले दिनों में भूगर्भीय जलस्तर गिरने की आशंका है। रोहतास व कैमूर की अधिकतर पहाड़ी नदियों में पानी सूख गया है।

### बड़े हिस्से से पानी गायब

मोहाने, नोनाई, पंचाने, धोबा, चिरैया, भूतही, लोकाईन, गोईठवा, पैमार, बरनार, अपर किउल, दरधा, कररुआ, सकरी, तिलैया, चंदन, चीरगेरुआ, नून, कारी कोसी, बटाने, किउल, खलखलिया, सोन फसलों की सिंचाई के लिए लाइफ लाइन माना जाता है, लेकिन इस वर्ष बारिश कम होने का असर नदी के जलस्तर पर स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। माघ महीने में ही सोन की स्थिति जेठ महीने की तरह हो गई है। किसानों को चिंता है कि इस बार रबी फसल की सिंचाई हो सकेगी की नहीं। किसान ही नहीं सिंचाई विभाग के अधिकारी भी चिंतित हैं। अधिकारियों का कहना है कि यूपी से मांग की गई है फरवरी में पर्याप्त मात्रा में रिहंद बांध से पानी छोड़ा जाए ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। ज्येष्ठ के महीने में सोन का पाट ( चौड़ाई ) बहुत कम हो जाता था, लेकिन इस साल माघ के महीने में ही हालत ऐसी हो गई है। जहां तहां अभी से ही सूखने लगी है। नदी किनारे के गांव के बुजुर्गों का कहना है ऐसी स्थिति इसके पहले जब-जब हुई है तब या तो अकाल आया था या भयंकर बाढ़। सिंचाई विभाग पटना प्रमंडल के अधीक्षक अभियंता का कहना है कि इस वर्ष बारिश कम होने से नदियों का जलस्तर पहले ही नीचे चला गया है। सोन सिंचाई का प्रमुख साधन है तथा बिहार मध्य प्रदेश व यूपी से अक्सर नदी में पानी छोड़ने का आग्रह करता है।

## 12 नदी पूरी तरह सूखीं, भारी जल संकट

### ये नदियां सूखीं

गोपालगंज: धमई, सासाराम: कोटा, अवसानी, कशिश, फूलवरिया, भूखी खोह,चोरपनिया, सोहगी, गोरिया, भिखारी, टीटीही, महादेव खोह, बेलवाईं

**नवादा:** सकरी, धनार्जय, तिलैया, ढाढर व खुरी, जहानाबाद: फल्गु, मोरहर, दरधा, यमुने

### इनका जलस्तर गिरा

सीवान: दाहा नदी, झरही, धमई, सरयू, सोन नद

### मवेशियों को भारी परेशानी

नदियों के जलस्तर में कमी आने के कारण इंसान के साथ पक्षी और मवेशी भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। सोन तटीय क्षेत्र के दियारे में नीलगाय, घोड़परास, हिरण के साथ जलीय जीव-जंतुओं के लिए भी पानी का संकट गहरा गया

### पिछले साल अप्रैल में सूखीं थीं

पिछले साल मार्च-अप्रैल से नदियों के सूखने का सिलसिला शुरू हुआ था। अप्रैल में 20 नदियां सूख गयी थी। जून में पहले 22, फिर 24 और जून के अंत तक 38 नदियां सूख चुकी थी। 18 नदियों में पानी मापने योग्य नहीं था। पिछले साल ही आशंका व्यक्त की गयी थी कि इस साल स्थिति और खराब हो सकती है। वह अब दिखने लगा है।

## दूसरे के बदले परीक्षा में बैठाने को मांगा नजराना, ऑडियो वायरल

**भागलपुर/नाथनगर , एजेंसी।** एक तरफ जहां शिक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाने को लेकर बिहार सरकार सख्त है। वहीं दूसरी तरफ नाथनगर के सुखराज राय इंटरस्तरीय स्कूल में विक्षक द्वारा एक परीक्षार्थी को दूसरे के बदले परीक्षा में बैठाने की गारंटी देते हुए मोटी रकम की मांग करने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मामले की सही तहकीकात करे तो परीक्षा में हो रही ऐसी सेटिंग पर कार्रवाई हो सकती है। दरअसल, दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे एक छात्र के पकड़े जाने के बाद विद्यालय के एक कथित कर्मी या वीक्षक के बातचीत का सोमवार को ऑडियो वायरल हो रहा है। इसमें स्कूल के एक वीक्षक फर्जी परीक्षार्थी से दूसरे परीक्षार्थी के बदले परीक्षा में बैठने के लिए मोटा नजराना मांग रहे हैं। क्योंकि उक्त युवक अपने एक साथी के बदले शनिवार को परीक्षा में बैठा था। जांच के दौरान वह पकड़ा भी गया था। उसी दिन उसका एडमिट कार्ड भी कर्मियों ने जब्त कर लिया था। लेकिन वीक्षक द्वारा इसकी सूचना न तो शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को दी गई और न ही स्थानीय पुलिस को। सोमवार के दिन जब असल परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होने नाथनगर स्थित सुखराज राज्य इंटर स्कूल के सेंटर पहुंचा तो उसे एडमिट कार्ड नहीं दिया जा रहा था। सोमवार को भी दूसरी पाली में ऐसा ही एक फर्जी छात्र पकड़ा गया लेकिन कार्रवाई के बदले उससे से रुपए मांगने की बात सामने आयी है। पूरी बात की ऑडियो उस छात्र ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है। हालांकि हिन्दुस्तान अखबार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामले पर स्कूल के केंद्राधीक्षक सह प्रभारी प्राचार्य रणवीर कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। हालांकि उक्त ऑडियो को लोग तेजी से वायरल कर रहे हैं और इसकी सत्यता की जांच की आशा शिक्षा विभाग से कर रहे हैं।

# इंग्लिश ने लिया सब्र का 'इम्तेहान तो राहत दे गई हिंदी



**भागलपुर , एजेंसी।** जिले के 50 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है। चौथे दिन की पहली पाली में इंग्लिश तो दूसरी पाली में हिन्दी की परीक्षा हुई। सोमवार की परीक्षा में दोनों पालियों में 38533 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 783 अनुपस्थित रहे। वहीं सीएमएस स्कूल समेत अन्य परीक्षा केन्द्रों पर समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण दर्जनों छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूट गई। पहली पाली में इंग्लिश के पेपर ने परीक्षार्थियों के सब्र का इम्तेहान लिया तो दूसरी पाली में हुई हिन्दी की परीक्षा ने राहत दिलाई। वहीं केन्द्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों समेत केन्द्राधीक्षक भी सजग रहे। इस दौरान विभिन्न केन्द्रों का जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व डीईओ संजय कुमार सिंह ने निरीक्षण किया।

### इंग्लिश का औसत तो हिन्दी में डिस्टिंक्शन मिलने की उम्मीद

पहली पाली में नवस्थापित जिला स्कूल केन्द्र से इंग्लिश की परीक्षा देकर निकले छात्र शुभम राज, पंकज कुमार, संजीव और राकेश ने बताया कि उन लोगों के अधिकांश ऑब्जेक्टिव प्रश्न सही हैं। जबकि निबंध लेखन और कविताओं का सारांश लिखने में उन्हें परेशानी हुई। छात्रों का कहना था कि परीक्षा में उन्हें 60 से 70 प्रतिशत तक अंक मिलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी पाली में राजकीय कन्या इंटर स्कूल केन्द्र से हिंदी विषय की परीक्षा देकर निकली अर्चना, सुरभि और राखी ने बताया कि प्रश्न काफी आसान थे। उनलोगों ने अधिकांश प्रश्नों के सही जवाब दिये हैं। उन्हें परीक्षा में डिस्टिंक्शन मार्क्स मिलने की उम्मीद है।

### गेट बंद करते समय पहुंची, नहीं मिला केन्द्र में प्रवेश

सीएमएस हाई स्कूल में बनाये गए परीक्षा केन्द्र पर दूसरी पाली में सेंटर का गेट बंद करने के समय कोईली खुटहा निवासी छात्रा रीना कुमारी पहुंची। उसने गार्ड से केन्द्र में प्रवेश की गुहार लगाई। इसी बीच वहां दो और छात्राएं पहुंची। रीना ने बताया कि वह दोनों वहां शोर मचाने लगी, जिस कारण उसे भी केन्द्र में प्रवेश नहीं मिला और उसकी परीक्षा छूट गई। इसके अलावा मारवाड़ी पाठशाला और जिला स्कूल स्थित परीक्षा केन्द्रों समेत अन्य जगहों पर भी देरी से पहुंचने के कारण करीब दर्जन भर छात्रों की परीक्षा छूट गई।



# शहर में 1.5 किमी का लंबा जाम, रूट डाइवर्ट करते ही फंसे वाहन

**भागलपुर, एजेंसी।**

शहर में सोमवार को कई रूटों में भयंकर जाम की स्थिति हो गई थी। यही वजह है कि करीब 1.5 किमी लंबे जाम से लोगों को जूझना पड़ा। जाम की स्थिति दोपहर 1.15 बजे से लेकर करीब 2.30 बजे तक रही। सराय मोड़ से लेकर नया बाजार चौक, बाबा बूढ़ानाथ रोड, दीपनगर चौक होते हुए लाजपत पार्क तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थी। इस दौरान कई एंबुलेंस, पुलिस के वाहन समेत स्कूली वाहन फंसे रहे। सड़क पर करीब 2 घंटे के बाद परिचालन सामान्य हो पाया। जाम की जानकारी मिलने पर ट्रैफिक पुलिस के जवान सक्रिय हुए। उस वक्त इंटर की पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद विद्यार्थी निकल रहे थे, जबकि दूसरी पाली के विद्यार्थी अपने केंद्रों की ओर जा रहे थे। यही वजह है कि अचानक से वाहनों का दबाव बढ़ गया। सराय मोड़, नया बाजार चौक, चुनिहारी टोला मोड़, बाबा बूढ़ानाथ मोड़ के पास भी गलियों में फंसे हुए थे। बड़ी पोस्ट ऑफिस की तरफ जाम के कारण वाहनों को घंटाघर से भी नवयुग विद्यालय की तरफ डाइवर्ट किया गया था।

### रूट डाइवर्ट करते ही फंसे वाहन

उधर, बड़ी पोस्ट ऑफिस से लेकर कचहरी चौक तक भी भीषण जाम की स्थिति रही। कचहरी चौक की तरफ एक राजनीतिक पार्टी के प्रदर्शन के चलते वाहनों का जाम लग गया था। वाहनों का दबाव कम करने के लिए कचहरी चौक से पहले वाहनों को एसएसपी कार्यालय की तरफ डाइवर्ट कर दिया गया, लेकिन वाहनों के अत्यधिक दबाव की वजह से परिवहन विभाग से लेकर एसएसपी कार्यालय तक भीषण जाम लग गया। सड़क के दोनों किनारों पर कोर्ट के काम से आए लोगों ने वाहनों को खड़ा कर दिया था। इस कारण वाहनों के डाइवर्ट करते ही जाम की स्थिति हो गई। ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वाहनों के दबाव के कारण जाम की स्थिति हुई थी। जवानों को जगह-जगह तैनात किया गया था। इस कारण थोड़ी मशक्कत के बाद जाम पर काबू पा लिया गया।

# केके पाठक का नया फरमान; धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए नियोजित शिक्षक तो कड़ा एक्शन



**पटना, एजेंसी।** बिहार शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक अपनी कड़ी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। बीते कुछ महीनों में सरकारी स्कूलों से लेकर टीचर और कर्मचारियों को लेकर नए-नए आदेश जारी करते रहे हैं। अब एक और नया फरमान केके पाठक ने जारी किया है। जिससे नियोजित शिक्षकों की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल अब नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा तभी मिलेगा जब सक्षमता परीक्षा पास करेंगे। जिसके लिए उन्हें तीन मौके मिलेंगे। अगर तीनों बार फेल हुए तो, शिक्षक सेवा से हटा दिया जाएगा। इस निर्णय का बहिष्कार करते हुए शिक्षक संघ ने 13 फरवरी को विधानसभा का घेराव करने का फैसला लिया था। इसी मामले पर नया आदेश जारी किया गया है। सक्षमता परीक्षा के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने के नियोजित शिक्षकों द्वारा किये गये ऐलान पर शिक्षा विभाग ने कड़ी हिदायत दी है। विभाग ने ऐसे शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज करने समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश जिलाधिकारियों को दिया है।

विभाग ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि प्राप्त जानकारी के अनुसार नियोजित शिक्षकों के द्वारा सक्षमता परीक्षा का बहिष्कार करने और 13 फरवरी को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है। 13 फरवरी को विद्यालय खुले हुए हैं। ऐसे स्थिति में शिक्षकों विद्यालय छोड़कर धरना-प्रदर्शन में शामिल होने से यह स्पष्ट होगा कि उनके द्वारा विद्यालयों में शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। यदि आपके जिले में नियोजित शिक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा जाता है तो उसे आईपीसी की धारा 141 के तहत गैरकानूनी सभा मानते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही आईपीसी की धारा 186, 187 और अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाये। साथ ही वैसे धरना-प्रदर्शन में शामिल होने वाले शिक्षकों को चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय नियमावली के आलोक में कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाये। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने इस संबंध में जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है।

सक्षमता परीक्षा में शामिल होने के लिए हर शिक्षक से तीन जिलों का विकल्प भी मांगा जा रहा है। परीक्षा के बाद बनने वाली मेधा सूची के आधार पर विकल्प वाले जिले में शिक्षकों को स्कूल आवंटित किया जाएगा। विशिष्ट शिक्षकों को बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित होने वाले शिक्षक की तर्ज पर वेतनमान और अन्य सुविधाएं ती जाएंगी। साथ ही इन्हें वेतन संरक्षण का भी लाभ दिया जाएगा। सक्षमता परीक्षा के लिए शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। 26 फरवरी से परीक्षा शुरू होगी। राज्य के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिये जाने के लिए उनकी सक्षमता परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा पास करने वाले राज्यकर्मी होंगे और वह विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। परीक्षा पास करने के लिए हर शिक्षक को तीन अवसर दिये जाएंगे। तीनों अवसरों में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षकों की सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षक सक्षमता परीक्षा नियमावली को पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के नियम 3 व 4 को अवैध, भेदभावपूर्ण, अनुचित और संविधान के अनुच्छेद 14 एंव 16 के खिलाफ करार देने को लेकर यह अर्जी दायर की गई है। याचिका में परीक्षा के लिए आवेदन भरने पर रोक लगाने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। साथ ही 26 फरवरी से होने वाली परीक्षा पर रोक लगाने का भी अनुरोध याचिका के माध्यम से किया गया है। आवेदक की ओर से वरीय अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा ने कहा कि यह नियम के विरुद्ध है।

# तस्करी का 35 क्विंटल प्याज, 6 बोरी यूरिया व 11 बाइक जब्त

**एसएसबी की कार्रवाई में 5 नेपाली तस्कर गिरफ्तार**

**कार्रवाई के बाद सीमावर्ती क्षेत्र में हड़कंप**

चाणक्य भूमि | घोड़ासहन

एसएसबी की 71वीं बटालियन, महुआवा कैंप के जवानों ने बड़ी करवाई की। एसएसबी की टीम ने भारी मात्रा में तस्करी का प्याज, यूरिया व बाइक के साथ 5 नेपाली तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, एसएसबी जवानों ने मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना पर भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 376/08 के निकट छापेमारी कर भारत से नेपाल ले जाया जा रहा तस्करी के 35 क्विंटल प्याज व 7 बोरा यूरिया खाद के साथ 5 नेपाली तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तस्करी में प्रत्युक्त 8 नेपाली समेत 11 बाइक भी जब्त किया। इस दौरान कई तस्कर कुहासे का लाभ उठा तस्करी का प्याज व यूरिया लदे बाइक को छोड़ नेपाल की ओर भागने में सफल रहे। एसएसबी कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने पकड़े गए नेपाली तस्करों की पहचान नेपाल के बारा जिला अंतर्गत परसा महागढ़ी माई निवासी प्रभु साह बनिया, बिन्दलाल साह केशरी, संतोष साह, रूपेश कुशवाहा तथा भवानीपुर कलैया निवासी भुनेश्वर साह के रूप में की है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी तस्कर भारी मात्रा में प्याज व खाद की तस्करी कर भारत से नेपाल ले जाने वाले हैं। जिसके बाद जवानों द्वारा भारत नेपाल सीमा के लतिहानवा गांव के निकट पिलर संख्या 376/08 के पास नाकेबंदी की गई। जैसे ही तस्कर प्याज व खाद लदे बाइक के साथ नेपाल सीमा में प्रवेश करने का प्रयास किया वैसे ही जवानों ने उक्त पांच नेपाली तस्करों को धर दबोच लिया। जबकि कई तस्कर कुहासे का लाभ उठा प्याज व खाद लदे



बाइक को छोड़ सीमा पार नेपाल भागने में सफल रहे। कमांडेंट प्रफुल कुमार ने बताया कि जब्त प्याज, खाद व बाइक समेत पकड़े गए तस्करों को अग्रिम करवाई के लिए मोतिहारी कस्टम को सौंपने की प्रक्रिया जारी थी। इधर, एसएसबी की उक्त करवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों के तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# बेखौफ चोरों ने तीन घरों में की भीषण चोरी की घटना को दिया अंजाम

**पांच लाख से अधिक का सामान चोरी का अनुमान**

**आभूषण, नकदी समेत अन्य सामान समेटा**

चाणक्य भूमि | सुगौली

थाना के फुलवरिया गांव में सोमवार की रात चोरों ने तीन घरों से करीब पांच लाख रुपए मूल्य के सामानों की चोरी कर ली। मंगलवार सुबह जब पड़ोसियों की नजर पड़ी तो गृहस्वामियों सहित पुलिस को इसकी सूचना दी। इसमें सबसे भूतपूर्व सैनिक बिनोद झा के घर मे हुई चोरी की जानकारी उनके पड़ोसियों को हुई। वे सपरिवार बाहर रहते है। जिसके बाद उनके घर से सटे स्टेट बैंक के कैशियर ज्ञानेश्वर झा के घर का भी सभी ताला तोड़कर सोना व चांदी के छोटे आभूषणों सहित कुछ नकदी व अन्य सामानों की चोरी कर ली। वे भी अपने पिता सहित सपरिवार मोतिहारी में रहते है। जो सोमवार की रात आठ बजे अपने घर से मोतिहारी गए थे। सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने चोरी की घटना की जांच पड़ताल की। जिसके कुछ देर बाद



घटनास्थल से करीब पचास कदम दूर अमित शुक्ला के घर भी चोरी होने की जानकारी पड़ोसियों को हुई। वे सोमवार को दोपहर सपरिवार अपने मामा के यहां किसी समारोह में गए थे। घर के बाहर का ताला लगा नही होने से पहले पड़ोसियों ने उन्हें आवाज दी। जिसपर किसी के नही बोलने से उन्हें फोन कर ताला नही लगे होने की जानकारी दी गयी। जिसपर आसपास के लोगों ने घर मे घुस चोरी होने की बाबत उन्हें जानकारी दी। एकसाथ चोरों द्वारा तीन घरों को निशाना बनाने की सूचना के बाद करीब साढ़े दस बजे पहुंची सुगौली थाना पुलिस ने घटना की जानकारी ली। चोरों ने इन सभी घरों के गोदरेज व सेफ सहित घरों से सभी पेटी बक्सा तोड़कर सोना चांदी के जेवरात, नकदी व अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली। इस बाबत थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि मामले में अभी आवेदन प्राप्त नही हुआ है। एक घर मे लगे सीसीटीवी फुटेज में दो चोरों के घर मे घुसते दिख रहा है। इन्ही दोनो सहित अन्य चोरों द्वारा एकसाथ तीनों घरों में बारी बारी से चोरी करना प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# नाबालिग लड़की की हत्या मामले में फरार आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**आरोपी मोहन सिंह खुटौना गांव का है निवासी**

चाणक्य भूमि | पताही

थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटौना गांव में 30 जनवरी की सुबह उक्त गांव निवासी हरेंद्र सिंह की नाबालिग पुत्री सोनाली कुमारी की हत्या मामले में फरार चल रहे आरोपी मोहन सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस लगातार मोहन की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। वहीं पुलिस आरोपियों की कुर्की जब्ती के लिए कोर्ट में आवेदन की तैयारी में भी थी। थानाध्यक्ष कैलाश कुमार की दबिश के बाद आरोपी ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। बता दें कि मोहन सिंह अपने ही चचेरी बहन को प्रेम जाल में फंसा कर ब्लैकमेल करता था। बच्ची घर से स्कूल पढ़ने जाती तो उसे रास्ते में घेर कर छेड़खानी किया करता था। उसको मोबाइल पर गलत मैसेज भी भेजता था।



गत दिन पहले मोहन सिंह ने बच्ची को ब्लैकमेल कर अपने घर बुलाया। इसके बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बच्ची का शव मोहन सिंह के घर से बरामद किया था। घटनाक्रम के बाद मृतक के पिता हरेंद्र सिंह ने दुष्कर्म कर पुत्री की हत्या कर देने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में दो लोगों को आरोपी किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पीड़ित परिवार के द्वारा लगातार वरीय पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई जा रही थी। इस मामले में पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने पीड़ित परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद पताही पुलिस आरोपी के घर पर एवं ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर कर रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि घटना के बाद आरोपी मोहन सिंह घर छोड़कर फरार था। उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर आरोपी के ठिकाने एवं घर पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जिसमें पुलिस दबिश के कारण आरोपी मोहन सिंह ने मोतिहारी न्यायालय में आत्म-समर्पण किया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि न्यायालय से मांग की जा रही मोहन सिंह को रिमांड पर लेने की। रिमाइंड में लेकर पुलिस मोहन सिंह से पूछताछ की जाएगी।

# जीविकोपार्जन के लिए एसएसबी ने निःशुल्क बकरी का किया वितरण

**सीमा सुरक्षा बंधुत्व है एसएसबी का परम कर्तव्य**

**30 लोगों को दिया गया निःशुल्क बकरी**

चाणक्य भूमि | मोतिहारी

एसएसबी कैंप, अठमोहन की ओर से कार्यवाहक कमान्डेंट दिनेश कुमार ममोत्रा के निर्देशन व उप कमांडेंट उपेंद्र सिंह डांगी की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत भवन अगरवा में सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब और जरूरतमंद कुल 30 ग्रामीणों के लिए बकरी पालन प्रशिक्षण समारोह का आयोजन किया गया। उप कमान्डेंट ने कहा कि भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मोतिहारी के द्वारा सीमावर्ती ग्रामीणों के कौशल विकास के लिए ऐसे रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाता




है, जिससे सभी ग्रामीण इसका लाभ उठा कर अपने को स्वावलंबी बना सकेंगे। एसएसबी द्वारा दिये जा रहे ऐसे प्रशिक्षण में सीमावर्ती क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीण आकर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार अपनाते है। कार्यक्रम में सभी को एक-एक बकरी दिया जाएगा, सभी लोग इसे पाल कर इसे अपने जीवकोपार्जन में शामिल कर सकेंगे। पैक्स अध्यक्ष मिनिस्टर यादव ने एसएसबी द्वारा कराये जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण की प्रशंसा की। कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से यहां के बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो रहा है और वे अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं को एक-एक बकरी और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर विश्वास यादव, राजीव रंजन पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, निरीक्षक कुलदीप सिंह, सुबोध सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की 'चलो गांव की ओर' कार्यक्रम को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**9 फरवरी से शुरू होगा चलो गांव की ओर' कार्यक्रम**

चाणक्य भूमि | चिरैया

भाजपा सांगठनिक जिला ढाका के कार्यकर्ताओं का मंडल स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को उच्च विद्यालय, सिरौना परिसर में आयोजित की गई। अध्यक्षता भाजपा शिकारगंज मंडल के अध्यक्ष गांधी यादव ने की। इसमें 9 फरवरी से 11 फरवरी तक पार्टी की ओर से आहूत चलो गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू



ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियां से लोगों को अवगत कराने के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी।इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रवक्ता अमोद कुमार सिंह ने बताया कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं का प्रवास प्रतिदिन किसी न किसी गांव में होगा। इस दौरान संबंधित गांव में वोटर लिस्ट के प्रत्येक पन्ने के लिए एक-एक पन्ना प्रमुख को संबंधित वोटरों से मिलने की जवाबदेही व केंद्र में मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताने की जिम्मेवारी दी गई है। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा जिला महामंत्री अशोक सिंह, राकेश यादव, भाजपा नेता गोपाल शर्मा सहित सभी शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।

# महिला पुलिस ने सहकर्मी पर ही लगाया यौन शोषण का आरोप

चाणक्य भूमि| विशेष सम्वाददाता

राजधानी पटना से एक मामला सामने आया है जिसमे शहर के जक्कनपुर थाने में कार्यरत एसआई सुदामा प्रसाद सिंह पर थाने में कार्यरत पिछड़ी जाति से आनेवाली महिला दारोगा ने उसको बेहोश कर उससे संबंध बनाने के साथ ही मामले में किसी से कुछ कहने पर सस्पेंड कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है । जब पीड़ित दारोगा प्रेग्नेंट हो गई तो उसकी इतनी पिटाई की कि गर्भपात हो गया। मामले में एससी-एसटी थाने पहुंची पीड़ित दारोगा ने बताया कि किसी केस के सिलसिले में थाना में अवस्थित थानाध्यक्ष ने अपने कमरे में बुलाया। इस दौरान उन्होंने कॉफी पीने को दिया। जिसे पीते ही मैं बेहोश हो गई। जब होश आया तो मेरे शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। जिसके बाद महिला दरोगा कमरे में रोने लगी तभी थानाध्यक्ष ने धमकाते हुए महिला दरोगा गीता कुमारी को कहा की यदि इस विषय में किसी से कुछ कहा तो अंजाम बुरा होगा। मेरी पहचान वरीय अधिकारियों से है। कार्रवाई के तौर पर तुम्हे निलंबित करा दूंगा। वही आरोप है की महिला दरोगा के साथ हुए इस घटना का पूरा वीडियो बना उसे धमकाया गया और बराबर उसके साथ ये हड़कत की गई हैं। जिससे महिला दरोगा गर्भवती हुई। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुदामा प्रसाद सिंह को होते ही महिला दरोगा के साथ मारपीट और पेट पर वार कर उसका एबोर्सन करवाया गया। वहीं जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करने का भी आरोप है। फिलहाल इस मामले में पटना के एससी एसटी थाने में दर्ज प्राथमिकी पर पुलिस आगे की जांच कर करवाई मे जुटी है। वहीं पीड़िता ने इस संबंध राष्ट्रीय महिला आयोग से भी शिकायत की है।

# षटतिला एकादशी व्रत से मृत्यु के बाद मोक्ष की होती है प्राप्तिः आचार्य

**आश्रम में 24 घंटे का राम नाम संकीर्तन का हुआ आयोजन**

चाणक्य भूमि | मोतिहारी

षटतिला एकादशी व्रत करने से मृत्यु के पश्चात मोक्ष की प्राप्ति होती है। जितना पुण्य कन्यादान, हजारों वर्षों की तपस्या और स्वर्ण दान के बाद मिलता है, उससे कहीं ज्यादा फल एक मात्र षटतिला एकादशी का व्रत करने से प्राप्त होता है। उक्त बातें देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद के पुजारी आचार्य दीपू मिश्रा ने उपस्थित भक्तों के बीच यह उद्गार व्यक्त की। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने बताया



कि इस मौके पर गुरुकुल आश्रम में व्यास राकेश कुमार की मंडली द्वारा 24 घंटे का राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आज के सेवा सहयोगी रेलवे के इंजीनियर राजेश कुमार ने राम नाम जप से जो पुण्य की प्राप्ति हो उसे अपने स्वर्गीय पिता हजारीलाल गुप्ता को समर्पित किया। सह सचिव राम भजन ने बताया कि इस मौके पर भक्तों ने तिल के तेल के दीए जलाएं। तिल के दान का विधान होने के कारण यह षटतिला एकादशी कहलाती है और प्रसाद में तिल का प्रयोग से जीवन में आने वाली बढ़ाएं दूर हो जाती है। कार्यक्रम संयोजक पप्पू कुमार ने बताया कि द्वादशी के दिन सभी एकादशी व्रतियों को महाप्रसाद आश्रम परिसर में कराया जाएगा।

# एमएलसी रामबली चंद्रवंशी की सदस्यता खत्म

चाणक्य भूमि बेतिया (पंकज)

आरजेडी के एमएलसी रामबली चंद्रवंशी की सदस्यता विधान पार्षद से रद्द कर दी गई है। विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने इस संबंध में अपना फैसला सुना दिया है। दरअसल, रामबली चंद्रवंशी के खिलाफ 11 नवंबर 2023 को सदन में राजद के उप मुख्य सचेतक सुनील कुमार सिंह ने सभापति को पत्र लिखकर रामबली चंद्रवंशी पर पार्टी के खिलाफ गतिविधि करने का आरोप लगाया था। इसके बाद विधान पार्षद ने दोनों का पक्ष सुनने के बाद फैसला जारी कर दिया गया। रामबली चंद्रवंशी को अब सोमवार से रिक्त माना जाएगा। दरअसल राजद एमएलसी रामबली चंद्रवंशी ने अतिपिछड़ा आरक्षण पर सवाल उठाए थे। इसके साथ ही सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के खिलाफ बयान भी दिया था। राजद ने पार्टी के खिलाफ गतिविधि करने का आरोप लगया था। उन्हें पार्टी की तरफ से भी नोटिस भेजा गया था।

# मिड डे मील खाने से बीमार हुये बच्चों के मामले मे जिलाधिकारी ने की कार्यवाई

चाणक्य भूमि बेतिया

बगहा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बांसगांव परसौनी में कल मध्याह्न भोजन खाने से कई बच्चे बीमार हुए थे। चिकित्सकों द्वारा समुचित ईलाज करने पर सभी बच्चे स्वस्थ हैं और अपने घर चले गए हैं। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने इस घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लिया है। तत्काल प्रभाव से उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक, श्री सुजीत कुमार राम को निलंबित किये जाने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया है। साथ ही इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी संचालित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। साथ ही विद्यालय के रसोईया पर भी कारवाई की गई है। ज्ञातव्य हो कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा समर्पित किये गए जाँच प्रतिवेदन में विद्यालय प्रबंधन की उदासीनता एवं लापरवाही सामने आयी है। जांचोपरांत प्रभारी प्रधानाध्यापक दोषी पाए गए हैं। इस घटना से जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी ने बगहा-01 प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टोला परसौनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक, श्री सुजीत कुमार राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एमडीएम को सख्त निर्देश दिया है कि मध्याह्न भोजन संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही एवं लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय।

- जिलाधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टोला परसौनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक, श्री सुजीत कुमार राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने का निर्देश डीईओ को दिया
- श्री राम के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी संचालित करने का निर्देश डीईओ को दिया गया।
- विद्यालय के रसोइया को भी हटाया गया

# मनीष कुमार सिंह के गंडक पार दौरे से आवासीय विद्यालय में मचा हड़कंप

चाणक्य भूमि | बेतिया

ठकराहा शिक्षा विभाग के सर्व शिक्षा अभियान डीपीओ मनीष कुमार सिंह सोमवार को देर शाम कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ठकराहा का औचक निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान आवासीय विद्यालय की साफ सफाई,छात्रों को मिलने वाले पोषाहार, छात्रों की उपस्थिति, आवासीय विद्यालय में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति एवम आवासीय विद्यालय की विधि व्यवस्था एक-एक बिंदु की बारीकी से जांच करते हुए कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत वार्डन सावित्री देवी को सख्त निर्देश दिए। मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान जो भी कमी पाई गई है। उसे जल्द से जल्द दूर करने का वार्डन को सख्त निर्देश दिया गया है। आवासीय विद्यालय के तत्कालीन संचालक प्रभात रंजन मिश्रा के निलंबन के बाद आवासीय विद्यालय का वित्तीय प्रभार किसी शिक्षक के पास नहीं होने से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को फटकार



लगाए। सर्व शिक्षा अभियान डीपीओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जल्द से जल्द आवासीय विद्यालय का वित्तीय प्रभार शिक्षक को दिया जाएगा। ताकि आवासीय विद्यालय में शिक्षा ले रहे छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि आवासीय विद्यालय में छात्राओं को मिलने वाला पोषाहार को डब्लू एच ओ के द्वारा निर्धारित किया जाता है। पोषाहार में कटौती करने वाले वार्डन को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। आवासीय विद्यालय के छात्राओ से बात करते हुए बताएं कि आप सभी लोगों को समुचित आहार के साथ बेहतर शिक्षा मिलेगा।

# पुराने संग्रहालय का संरक्षण संवर्धन जीर्णोद्धार करने को लेकर किया गया प्रदर्शन

**• ऐतिहासिक धरोहर पटना म्यूजियम को तोड़कर सुरंग आर्ट गैलरी का निर्माण करने की नापाक मंसूबे को किया जाएगा चकनाचूर**

**• जिला राज्य एवं देश के सभी धरोहर विरासत को संरक्षण संवर्धन करने हेतु आंदोलन तेज करने का किया आह्वान**

चाणक्य भूमि । पटना

पटना संग्रहालय बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले म्यूजियम के समक्ष ऐतिहासिक धरोहर विरासत बचाओ, इतिहास संस्कृति बचाओ, संविधान लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ नारों के साथ पूर्व घोषित आंदोलन के तहत जनतांत्रिक तरीके से 6 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन सभा किया गया। धरना प्रदर्शन सभा में सैकड़ों सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता, प्रोफेसर, शिक्षाविद, विद्वान, पत्रकार, लेखक, कवि, इतिहासकार, पुरातत्ववेत्ता, बुद्धिजीवियों आदि ने भाग लिया। सभा में इप्टा कलाकार, जसम कलाकार रंजन हिरावल एवं कठपुतली कलाकार सुनील कुमार, सरला देवी ने जनवादी क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किये। सभा की अध्यक्षता नंदकिशोर सिंह, पुष्पराज सहित अन्य पांच सदस्यीय अध्यक्षमंडल ने किया। सभा को भाकपा माले के अरविंद सिंह, कमलेश शर्मा, एन ए पी एम के आशीष रंजन, ऐतिहासिक धरोहर विरासत बचाओ अभियान-देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव, ग़ालिब, उदयन, देश बचाओ अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार, प्रोफेसर नवल किशोर चौधरी, चक्रवर्ती अशोक प्रियदर्शी, बलदेव झा, उमेश सिंह, प्रोफेसर तरुण कुमार, नवोदिता झा, गणेश शंकर सिंह, किशोरी दास, अरुण कुमार सिंह, जवाहर निराला, अनिल यादव आदि दर्जनों वक्ताओं ने कहा कि 106 वर्षीय पुराने संग्रहालय के आधे से अधिक भाग को तोड़कर 542 करोड रुपए की लागत से पुराने संग्रहालय से नए संग्रहालय तक सुरंग का निर्माण कर आर्ट गैलरी बनाया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक धरोहर के अस्तित्व पर संकट मंडरा रही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा बनाया गया भव्य सुंदर सुदृढ़ इमारत को तोड़ना कहां तक उचित है ? यदि सुरंग बनाना ही है तो अन्यत्र रिक्त स्थलों पर निर्माण किया जा सकता है। हालांकि पटना बाढ़ व भूकंप प्रभावित क्षेत्र तथा गंगा के किनारे सघन आबादी वाले क्षेत्र है । ऐसी स्थिति में विभिन्न जगहों पर नवनिर्मित पूल जब ध्वस्त हो जा रही है, तो सुरंग ध्वस्त होने से आम जनों की काफी क्षति होने की संभावना बनी रहेगी। इसलिए किसी भी सूरत में सुरंग निर्माण करना जनहित में नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि संग्रहालय का 60% पुरातत्व सामग्री, पांडुलिपि, ताम्रपत्र, विभिन्न दुर्लभ अद्भुत सामग्रियां को पुराने से नए म्यूजियम में स्थापित की गई है जो राहुल सांस्कृत्यान के द्वारा तिब्बत एवं अन्य देश से दुर्लभ सामग्री को एकत्रित किया गया था। उक्त सामग्री को तस्करी चोरी और बिक्री कर देने की भी संभावना दिख रही है, जिस प्रकार से दरभंगा के म्यूजियम में रखी अनुमानित 6 करोड रुपए की अष्टधातु के मूर्तियों सामग्रियों को तस्करी - चोरी करने का मामला उजागर हुआ है। समाजसेवियों ने महामहिम राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से 2017 से ही बंद पड़े व संस्था के द्वारा संचालित निजीकृत म्यूजियम को जल्द चालू करने, जनहित में खोलने, स्थानांतरित सभी सामग्रियों को पुनर्वापसी कर पुराने संग्रहालय में समाहित करने, सामग्री को




सूचीबद्ध कर कैटलॉग तैयार करने , उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर सीबीआई से जांच करने, देश, राज्य व खगड़िया जिला सहित सभी जिले के सभी ऐतिहासिक धरोहर विरासत को पर्यटन स्थल घोषित करने, जीर्णोद्धार करने, संरक्षण संवर्धन करने की मांग किया। समाजसेवियों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक जिला राज्य एवं देश स्तर पर आंदोलन तेज होगा। समाजसेवियों ने कहा कि बिहार निर्माता सच्चिदानंद सिन्हा एवं जायसवाल के प्रस्तावित ऐतिहासिक पटना संग्रहालय को बचाने की जरूरत है। कहा कि नीतीश एवं मोदी की सरकार तानाशाही तरीके से पुराने नाम को बदलकर, इतिहास को विकृत कर, धरोहर विरासत इतिहास को समाप्त करने की कुत्सित प्रयास कर रही है जो घोर निंदनीय है। नेताओं ने कहा कि मोदी नीतीश की तानाशाही नापाक मंसूबे को कामयाब होने नहीं दिया जाएगा।

# PM मोदी ने नीतीश कुमार को महिलाओं पर टिप्पणी की सजा में मुख्यमंत्री बना दिया- प्रशांत

**PM मोदी ने नीतीश कुमार पर महिलाओं के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने पर सजा मिलने की बात कही, और वही मोदी जी सजा के तौर पर बिहार की महिलाओं का CM नीतीश को बना दिया**

चाणक्य भूमि । पटना

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मोदी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज से कुछ महीने पहले नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में महिलाओं के ऊपर बड़ा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया था। प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे थे। मोदी जी ने मध्य प्रदेश में महिलाओं को कहा कि जिस दल के लोग इस तरह की महिलाओं का और महिलाओं के बारे में टिप्पणी करते हैं उन्हें सजा मिलनी चाहिए कि नहीं मिलनी चाहिए? वही मोदी जी सजा के तौर पर बिहार की महिलाओं का मुख्यमंत्री बना दिए हैं। पिछले 30 बरस में लालू-नीतीश ने बिहार की जो दुर्गति किया वो तो जग जाहिर है मगर भाजपा और कांग्रेस भी बिहार के लिए उतनी ही बड़ी दोषी पार्टी है। पहले 15 साल लालू प्रसाद यादव को बिहार की जनता ने नहीं जिताया था। बिहार की जनता ने लालू जी को उनको उनके दम पर मात्र 1 बार जिताया था, बाकी सारे समय 20 से 25 सांसदों के लालच में कांग्रेस ने जंगलराज को चलाने में लालू



यादव का भरपूर साथ दिया है। जो काम कांग्रेस ने लालू के साथ किया वही काम भाजपा ने नीतीश कुमार के साथ कर रही है, नीतीश कुमार को कुर्सी में बैठाए रखो चाहे बिहार की जनता दिक्कत में पड़ जाए बस अपना 30 से 35 सांसद जीत कर दिल्ली में जाता रहे। बिहार से 30 सांसद सबको चाहिए लेकिन बिहारी कह कर गाली भी सबको देना है।

# नवागत इंस्पेक्टर ने बैंको की सुरक्षा का लिया जायजा

**हल्का चौकीदारों को किया सतर्क**

चाणक्य भूमि बेतिया (कनकलता)।

नव पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने सोमबार को थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंको का निरीक्षण किया,और सुरक्षा को लेकर बैंक प्रवन्धक और सुरक्षा प्रहरियों , हल्का चौकीदार को दिशा निर्देश जारी किया।उन्होंने बताया कि एसबीआई की पारस पकड़ी ,रतन माला,सरिसवा,और अहवर शेख स्थित शाखा का निरीक्षण किया ।विशेषकर बैंको का सीसीटीबी कैमरा और अलार्म चेक किया गया।एक दो जगह अलार्म खराब मिला जिसे तत्काल दुरुस्त कराया गया।एक दो बैंको में सीसीटीवी कैमरे के लोकेशन को सड़क मार्ग की ओर किया गया।बैंकप्रवंधन को निर्देश



दिया गया कि संदिग्ध आदमी के बैंक में प्रवेश पर तत्काल पुलिस को सूचित किया जाये।बताते चले कि इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष श्री मिश्र ने रविवार को पदभार ग्रहण किया और सोमबार को बैंको का सघन चेकिंग अभियान चलाया।बैंको की सुरक्षा को लेकर नव पदस्थापित इंस्पेक्टर काफी चौकस दिखे।










# जनसुराज द्वारा आयोजित "चाय पर चर्चा " मे उपस्थित हुए अभिनेता अवधेश मिश्रा



चाणक्य भूमि । मोतिहारी

आज मोतिहारी के जनसुराज जिला कार्यालय में "चाय पर चर्चा " कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुराज के जिला कार्यक्रम मे आयोजित इस कार्यक्रम में भोजपुरी के सुप्रसिद्ध अभिनेता अवधेश मिश्रा सहित अनेक जनसुराजी गण्यमान्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुये। इस कार्यक्रम में बिहार के युवाओ के भविष्य, किसानो की परेशानी छात्र छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था ,गरीबो की आवाज आदि विषयों पर चर्चा की गई । कार्यक्रम के संयोजक द्वारा इस कार्यक्रम मे उपस्थित अवधेश मिश्रा जी सहित सभी युवा साथियो का आभार व्यक्त किया गया।

# चाकू से गोदकर युवक की हत्या

चाणक्य भूमि । बेतिया

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हजारी मेला क्षेत्र मे एक युवक की लाश मिली है। युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई हैं। पुलिस ने युवक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। युवक की पहचान आलमगीर के रूप में की गई है, जो बेतिया बस स्टैंड का रहने वाला था और बताया जा रहा कि आलमगीर बेतिया बस स्टैंड में ठेला लगाकर दुकान चलाता था और उसी से अपने घर का भरण पोषण करता था। परिजनों के अनुसार बीती रात वह देर तक घर नहीं पहुंचा था।जिसके बाद उनलोगों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह जानकारी मिली कि आलमगीर की हत्या कर



दी गई है और उसका शव मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हजारी पशु मेला ग्राउंड में पड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार युवक की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। शव देखने से लग रहा कि चाकू से गोदकर उसकी हत्या की गई है और शव को फेंक दिया गया है। हमने शव को पशु हजारी ग्राउंड से बरामद किया है। जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों द्वारा अभी आवेदन नहीं मिला है।




# 7 करोड़ की ड्रग्स के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार

चाणक्य भूमि । बेतिया

बगहा पुलिस ने मंगलवार को 7 करोड़ की ड्रग्स के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। धनहा थाने की पुलिस वाहन जांच कर रही थी। तलाशी के दौरान तस्कर के बैग और उसके शरीर से 35 किलोग्राम चरस जब्त किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बेतिया के सिकटा गांव निवासी रितेश पटेल के रूप की गई है। बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि तस्कर नेपाल से चरस



लेकर उत्तर प्रदेश जाने के फिराक में था। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला है कि तस्करी का तार नेपाल और यूपी के गोरखपुर से जुड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार के विभिन्न जगहों पर पुलिस जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि कई तस्करों का नाम सामने आया है। उन्होंने बताया कि नेपाल और गोरखपुर के तस्करों की पहचान कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सहरसा के डीएम को बतौर मुआवजा एक लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश

चाणक्य भूमि बेतिया (पंकज)।

पटना हाईकोर्ट ने 180 मिलीलीटर शराब की बरामदगी पर मोटरसाइकिल को जब्त करना गैरकानूनी करार । जस्टिस पीबी बजन्थरी और जस्टिस जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने विनीत कुमार की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट को बताया गया कि मोटरसाइकिल से जाने के दौरान पुलिस ने जांच के लिए जब रोका, तो पैंट से 180 मिलीलीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उनका कहना था कि मोटरसाइकिल से शराब बरामद नहीं किया गया। फिर भी मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे राज्यसात कर दिया गया। अब उसे नीलाम करने की तैयारी की जा रही हैं। कोर्ट ने शराबबंदी कानून के कई धाराओं और हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई फैसला का विस्तार से चर्चा करते हुए मोटरसाइकिल जब्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही मोटरसाइकिल को तुरंत छोड़ने का आदेश दिया।वही सहरसा के डीएम को बतौर मुआवजा एक लाख रुपये दस दिनों के भीतर देने का आदेश दिया।




# स्टोन बोल्डर मामले की सुनवाई टली अब 29 फरवरी को होगी सुनवाई

**मामला गंगा को प्रदुषण से बचाने का**

चाणक्य भूमि । साहिबगंज

जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा गंगा नदी को प्रदुषित होने से बचाने व जलीय जीव जंतु,संरक्षित डॉल्फिन को बचाने व संवर्धन हेतु एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/2023 की मंगलवार को होने वाली सुनवाई कोर्ट के नहीं बैठने के चलते टल गयी।इस मामले की




अगली सुनवाई तिथि 29 फरवरी को निर्धारित की गई है।सुनवाई टलने से एक तरफ पुलिस प्रशानिक पदाधिकारियों व पत्थर कारोबारियों ने राहत की सांस ली तो दुसरी तरफ पर्यावरण प्रेमीयों में मायुसी छा गयी।अब सभी की नजरें अगली सुनवाई तिथि पर टिक गई है।

# महंगा पड़ा मझौलिया बीडीओ को योगदान नही करना

चाणक्य भूमि बेतिया (कनकलता)

**बेतिया** । आदेश का अवहेलना करने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मझौलिया के वेतन बृद्धि पर रोक लगायी गयी है।आरोप है कि स्थानांतरण होने के बावजूद भी बीडीओ वरुण केतन ने नये स्थान पर योगदान नहीं किया। जिसको लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर साह ने विभागीय आदेश की अवहेलना मानते हुए तत्काल प्रभाव से उनके दो वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी है। आदेश दिया है कि बीडीओ की चरित्री में इस दंड की प्रविष्ट किया जाए । जिलाधिकारी को कार्रवाई का पत्र भेजकर संयुक्त सचिव ने बताया कि 30 जून 2021 को मझौलिया प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण दरभंगा जिले के अलीनगर प्रखंड में हुआ था, लेकिन उन्होंने योगदान नहीं किया। 2 वर्ष बाद पुनः ग्रामीण विकास विभाग वरुण राजेंद्र केतन का स्थानांतरण 30 जून 2023 को बेलागंज के बीडीओ के पद पर कर दिया लेकिन अधिसूचित प्रखंड में इन्होंने योगदान नहीं किया। साथ ही समक्ष प्राधिकार की अनुमति अनाधिकृत से अनुपस्थित भी रहे। जिसे विभाग में गंभीरता से लेते हुए । मझौलिया बीडीओ पर विभागीय स्तर पर आरोप पत्र गठित करते हुए करवाई किया है। उल्लेखनीय है किदोनों जगहों पर योगदान नही करने के साथ अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित भी रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714